


एमएसडी भारत के बेस्ट कप्तानों में हैं

अश्विन अब दिल्ली कैपिटल्स की टीम का हिस्सा हैं। इससे पहले दो साल तक वह किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान रहे। 33 वर्षीय इस गेंदबाज ने दोनी को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तर पर धोनी को शानदार कप्तान करार दिया। उन्होंने कहा, एमएसडी भारत के बेस्ट कप्तानों में हैं। वह आईपीएल के भी बेस्ट कप्तानों में शामिल हैं।

## धोनी को गेंदबाजी करना सबसे मुश्किलः रविचंद्रन अश्विन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस के चलते सारी दुनिया थमी हुई है। खेल भी नहीं हो रहे हैं। लेकिन इन सबके बावजूद महेंद्र सिंह धोनी के अंतरराष्ट्रीय करियर को लेकर सवाल खत्म नहीं हो रहे। कोविड–19 के चलते खिलाड़ी भी सोशल मीडिया के जरिए ही अपने फैंस से जुड़ रहे हैं। वे सोशल मीडिया पर कई मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। खिलाड़ी क्रिकेट के महान खिलाड़ियों का भी जिक्र कर रहे हैं। भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी हाल ही में एक ऐसे ही सवाल के जवाब में बताया कि उनकी नजर में टी20 क्रिकेट में सबसे किस बल्लेबाज को गेंदबाजी करना सबसे मुश्किल है। उन्होंने बताया कि उनकी नजर में महेंद्र सिंह धोनी को टी20 प्रारूप में गेंदबाजी करना सबसे मुश्किल है।

अश्विन ने धोनी को आखिरी ओवरों का विशेषज्ञ बल्लेबाज बताया। धोनी को रनों का पीछा करने का एक्सपर्ट माना जाता है। उन्होंने भारत और चेन्नै सुपर किंग्स को कई मुश्किल मुकाबलों में जीत दिलवाई है।

# हरभजन सिंह आसानी से 700 टेस्ट विकेट ले लेते

**क्रिकेट**

- हरभजन सिंह ने भारतीय क्रिकेट में 103 टेस्ट मैचों में 417 विकेट लिए
- रविचंद्रन अश्विन और हरभजन सिंह की गेंदबाजी का स्टाइल काफी अलग
- जडेजा और अश्विन दोनों 100 टेस्ट मैच खेल सकते है

## हैरान थे सकलैन मुश्ताक जब हरभजन सिंह को टीम से ड्रॉप किया गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हरभजन सिंह भारतीय क्रिकेट के सबसे कामयाब गेंदबाजों में शामिल हैं। इस दिग्गज ऑफ स्पिनर ने 103 टेस्ट मैचों में 417 विकेट लिए हैं। हालांकि 2012 से वह भारतीय टीम का नियमित हिस्सा नहीं हैं। हाल ही में पाकिस्तान के दिग्गज ऑफ स्पिनर सकलैन मुश्ताक ने कहा कि उन्हें यकीन है कि अगर हरभजन नियमित रूप से खेलते रहते तो वह 700 टेस्ट विकेट ले चुके होते। सकलैन मुश्ताक ने कहा कि वह हैरान थे जब हरभजन सिंह को भारतीय टीम से ड्रॉप किया गया।



उन्होंने यह भी कहा कि रविचंद्रन अश्विन और हरभजन सिंह की गेंदबाजी का स्टाइल काफी अलग है वे दोनों साथ खेल सकते हैं। उन्होंने सवाल किया कि जब दो दाएं हाथ के तेज गेंदबाज एक साथ खेल सकते हैं तो दो दाएं हाथ के स्पिनर साथ क्यों नहीं खेल सकते।

मुश्ताक ने आगे कहा कि हरभजन के पास क्लास थी वह कम से कम 700 टेस्ट विकेट लेते। 2011 वर्ल्ड कप के बाद भारतीय टीम में स्पिन गेंदबाजी को लेकर सोच में बदलाव देखा गया। रविचंद्रन अश्विन शानदार गेंदबाजी कर रहे थे और ऐसे में हरभजन की जगह टीम में स्थायी नहीं रही। साल 2012 के बाद से पंजाब के इस ऑफ स्पिनर ने सिर्फ पांच टेस्ट मैच खेले हैं।

सकलैन ने भारतीय टीम के मौजूदा स्पिनर्स रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव के बारे में भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि जडेजा और अश्विन दोनों 100 टेस्ट मैच खेल सकते हैं।

उन्होंने कहा, भारत में बहुत अच्छी क्वॉलिटी के स्पिनर्स हैं। कुलदीप ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। अश्विन और जडेजा नियमित तौर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। मुझे यकीन है कि अश्विन और जडेजा 100 टेस्ट मैच खेलेंगे। अश्विन ने अभी तक 71 टेस्ट मैचों में 365 विकेट लिए हैं वहीं जडेजा ने 49 टेस्ट में 213 विकेट अपने नाम किए हैं।

## मैच फिक्सर्स को जेल में डालो, कोविड–19 की तरह सख्ती की जरूरतः रमीज राजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कराची। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और बल्लेबाज रमीज राजा ने मंगलवार को कहा कि मैच फिक्सिंग को अपराध की श्रेणी में लाकर इस समस्या से काफी हद तक निपटा जा सकता है। उन्होंने साथ ही कहा कि मैच फिक्सिंग को रोकने के लिए ठोस प्रयास किए जाने की जरूरत है जैसे कि इस समय कोविड–19 महामारी को रोकने के लिए किए जा रहे हैं।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को बल्लेबाज उमर अकमल को तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया क्योंकि उन्होंने भ्रष्ट संपर्क की जानकारी नहीं दी थी। इसके बाद राजा और जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर मपुमेलेलो मबांग्वा ने सोशल मीडिया पर मैच फिक्सिंग को लेकर चर्चा की।




खेल के सभी हितधारकों को एकजुट होना होगा

मबांग्वा ने कहा किया, 'ऐसा लग रहा है कि इस लड़ाई को बुरे लोग जीत रहे हैं। वह जाना माना नाम है, क्या ऐसा नहीं है? क्या आपको लगता है कि जेल की सजा से जंग को जीता जा सकता है।'

इसके जवाब में राजा ने कहा कि मैच फिक्सिंग के सफाए के लिए खेल के सभी हितधारकों को एकजुट होना होगा। राजा ने ट्वीट किया, 'जेल की सजा इससे निपटने के लिए उपयोगी हो सकती है पोमी (मबांग्वा), संभवतरू आखिरी उपाय। यह कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई की तरह है, क्रिकेट जगत को बचाने के लिए सभी को आगे आना होगा। प्रशंसक, बोर्ड, हितधारक, कानून प्रवर्तन एजेंसियां, आप और मैं।' राजा ने इससे पहले अकमल के दोषी पाए जाने पर निराशा जताते हुए कहा था कि यह प्रतिभा की बर्बादी है।

## उमर प्रतिबंध को जरूर चुनौती देगाः कामरान अकमल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर कामरान अकमल ने उमर अकमल पर लगाए गए तीन साल के प्रतिबंध को 'बेहद कड़ी' सजा करार देते हुए कहा कि उनका छोटा भाई इसे निश्चित तौर पर चुनौती देगा। उमर पर सटोरियों द्वारा संपर्क किए जाने की सूचना नहीं देने के कारण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को तीन साल का प्रतिबंध लगा दिया था। टीम से बाहर चल रहे पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान ने इस फैसले पर हैरानी जताई।

कामरान ने सोमवार की रात यहां पत्रकारों से कहा, 'मैं उमर को दी गई कड़ी सजा से हैरान हूं। तीन साल का प्रतिबंध बेहद कड़ी सजा है। वह निश्चित तौर पर इसके खिलाफ अपील करेगा।' पाकिस्तान की तरफ से 57 टेस्ट, 153 वनडे और 58 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले कामरान ने कहा कि अन्य खिलाड़ियों को पूर्व में इसी तरह के आरोपों के लिए काफी कम सजा दी गई। उन्होंने कहा, 'निश्चित तौर पर यह समझना मुश्किल है क्योंकि पूर्व में अन्य खिलाड़ियों पर इसी तरह के अपराध के लिए कम अवधि का प्रतिबंध लगाया गया था जबकि उमर को इतनी कड़ी सजा दी गई।'

## न्यूज डायरी




### काबू नहीं हुआ कोरोना तो रद्द होगा ओलिंपिकः योशिरो मोरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के चलते तोक्यो ओलिंपिक 2020 को अगले साल के लिए टाल दिया गया है। पर अब भी खेलों के इस महाकुंभ पर छाया संकट समाप्त नहीं हुआ है। आयोजन समिति के अध्यक्ष योशिरो मोरी ने कहा है कि अगर अगले साल तक भी कोरोना वायरस पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका तो इन खेलों को रद्द कर दिया जाएगा। जापान के खेल दैनिक 'निकन स्पोर्ट्स' से साक्षात्कार के दौरान जब मोरी से पूछा गया कि अगर महामारी का खतरा अगले साल भी बना रहता है तो क्या खेलों को 2022 तक टाला जा सकता है, उन्होंने कहा, 'नहीं। अगर ऐसा होता है तो फिर इन्हें रद्द कर दिया जाएगा।' मोरी ने कहा कि इससे पहले युद्ध के समय ही खेलों को रद्द किया गया था। उन्होंने कोरोना वायरस से लड़ाई को 'एक अदृश्य दुश्मन के खिलाफ जंग' करार दिया। उन्होंने कहा, 'अगर वायरस पर नियंत्रण पा लिया जाता है तो हम अगली गर्मियों में ओलंपिक का आयोजन करेंगे।'

### अपनी फिटनेस के लिए खुद को मेंटली स्ट्रॉन्ग बनाना चाहते हैं मयंक अग्रवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। कोविड– 19 के चलते शुरू हुए लॉकडाउन (स्वबा क्वूद) ने ऐसे लोगों के लिए खास चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, जो अपने रोजाना के रूटीन के पक्के हैं। लगातार घर में रहने की इस स्थिति से बोरियत और चिड़चिड़ा होना भी लाजमी है। हालांकि भारतीय टेस्ट टीम के युवा ओपनर मयंक अग्रवाल ने इस निराशाभरे समय से पार पाने का तरीका निकाल लिया है। मयंक ने बीते 5 सप्ताह से एक भी नेट अभ्यास नहीं किया है लेकिन वह मानते हैं ऐसे इस समय में खीझने से अच्छा है कि समय की मांग को समझकर उससे तालमेल बैठाया जाए। अग्रवाल ने लॉकडाउन में अपनी दिनचर्या के बारे में विस्तार से बात की है।

### एशेज से बहुत बड़ी है भारत–पाकिस्तान सीरीज, आईसीसी को देना चाहिए ध्यान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच कोई द्विपक्षीय सीरीज कब होगी इसका भले अभी तक किसी को कुछ पता नहीं है लेकिन पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ियों ने इसके लिए माहौल बनाना तैयार कर दिया है। अब पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज स्पिनर सकलेन मुश्ताक भी चाहते हैं कि दोनों देशों को अपनी क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता जारी रखनी चाहिए। मुश्ताक के मुताबिक, दोनों देशों के बीच में खेली जाने वाली सीरीज एशेज से भी बहुत बड़ी सीरीज है। सकलेन मुश्ताक ने कहा कि दोनों देश अगर यह सीरीज खेलते हैं तो यह दोनों के लिए विन–विन वाली स्थिति है। इसमें खेल और वित्तीय लिहाज से भी दोनों बोर्ड को लाभ होगा और इसके दोनों देशों के आपसी संबंध भी सुधारने में मदद मिल सकती है। इन दिनों सबसे पहले पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने यह प्रस्ताव रखा था कि भारत–पाकिस्तान को कोविड– 19 के खिलाफ फंड इकट्ठा करने के मकसद से एक वनडे सीरीज खेलनी चाहिए।

### हैपी बर्थडे एंडी फ्लावर– वह खिलाड़ी जिसने मैदान पर हर तरह से दिखाया दम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अगर आपने 1990 के दशक के अंतिम वर्षों और अगली शताब्दी के शुरुआती वर्षों का क्रिकेट देखा है तो एक नाम आपके जेहन में जरूर होगा। एंडी फ्लावर। जी, वही एंडी फ्लावर जिनकी गिनती कभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में होती थी। कमाल का बल्लेबाज, शानदार विकेटकीपर और ऊपर से कप्तान। इस खिलाड़ी ने कई रोल निभाए। वह जिम्बाब्वे की उस टीम का हिस्सा थे जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने कदम मजबूत करने में जुटी थी। आज उन्हीं एंडी फ्लावर का जन्मदिन है। आज ही के दिन 1968 में उनका जन्म हुआ। 63 टेस्ट मैचों में 51.54 के औसत से 4794 रन बनाने वाले एंडी को रिवर्स स्वीप का बादशाह माना जाता था। भारत दौरे पर भी उन्होंने लगातार यह शॉट खेलकर काफी परेशान किया। वह अपनी टीम के सबसे मजबूत बल्लेबाज थे और दुनियाभर के गेंदबाजों के लिए सिरदर्द। नवंबर 2000 से लेकर नवंबर 2001 तक फ्लावर के करियर का सबसे सुनहरा दौर रहा।